IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व
Wholly owned by Cooperatives
1967 2017 स्वर्ण जयंती Golden Jubilee

(मानव संसाधन विकास विभाग)
इफको कर्मचारी सुझाव योजना

नकुल पाठक महाप्रबंधक(मा.सं.)	**राज्य विपणन प्रबंधक,** मध्य प्रदेश

संदर्भ सं0 : वि0 मु0/सुझाव/118/2017-18 22 जून, 2017

विषयः इफको कर्मचारी सुझाव योजना के कार्यान्वयन के क्षेत्र में विपणन प्रभाग में सर्वाधिक प्रतिभागिता के लिए "सर्वाधिक प्रतिभागिता पुरस्कार(विपणन) 2016-17"

आपको ज्ञात होगा कि इफको अपने संयंत्रों व विपणन कार्यालयों में कर्मचारी सुझाव योजना का कार्यान्वयन कर रही है। इकाई व राज्य स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को समय-समय पर प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत प्रति वर्ष संयंत्रों में क्रिएटिविटी मीट व मुख्यालय में अन्तः इकाई इनोवेशन एंड क्रिएटिविटी मीट का आयोजन किया जाता है और इकाइयों/राज्यों व सुझावकर्ताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि इस प्रयोजन के लिए गठित निर्णायक मंडल ने विपणन प्रभाग के सभी राज्यों की रिपोर्टों का व्यापक मूल्यांकन करने के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय किया है कि वर्ष 2016-17 के लिए उक्त पुरस्कार मध्य प्रदेश राज्य को प्रदान किया जाए।

उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई। यह पुरस्कार 30 जून व 1 जुलाई , 2017 को एफएमडीआई ,गुड़गांव में आयोजित की जा रही सातवीं अन्तः इकाई इनोवेशन व क्रिएटिविटी मीट के उद्घाटन सत्र में दिनांक 30.06.2017 को प्रातः 9.30 बजे निदेशक (मानव संसाधन एवं विधि) द्वारा प्रदान किया जाएगा।

उक्त पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करने के लिए आप सादर आमंत्रित हैं।

नकुल पाठक 22.06.17

(नकुल पाठक)